जेम्स मैडिसन

पैट्रिशिया

जेम्स मैडिसन

बचपन में जेम्स मैडिसन को जेमी बुलाया जाता था.
जब वो छोटे थे तो वो आमतौर पर बीमार रहते थे.
उन्होंने बारह साल की उम्र तक घर पर ही रहकर
पढ़ाई की. उसके बाद वह स्कूल गए.
बाद में, जेम्स मैडिसन की सेहत अच्छी हुई और वो
अपने देश को कानून के विशेषज्ञ के रूप में वर्जीनिया
से कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में चुने गए.
बाद में उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति
के रूप में भी सेवा की.

जेम्स मैडिसन

जेम्स मैडिसन के रूप में दस वर्षीय जेमी, जंगल में एक पुराने ओक (बाँझ) के पेड़ पर बैठा था. वह अभी बैठा ही था, कि एक गिलहरी उसकी ओर शाख पर रेंगती हुई आई.

जेमी बिल्कुल हिला-डुला नहीं.

वो गिलहरी को टकटकी लगाए देखता रहा.

जेमी जानता था कि वह चुपचाप बैठकर जंगल में छोटे जानवरों - गिलहरी और खरगोश, बिल्ली के बच्चे और उल्लू के बारे में बहुत कुछ सीख सकता था.

जेमी, जंगल से काफी पास में ही स्थित एक प्लांटेशन पर बड़ा घर में रहता था.

घर के चारों ओर दासों (गुलामों) के छोटे केबिन थे, गायों के लिए खलिहान और भेड़ों के लिए बाड़े थे.

जेमी का जन्म 1751 में हुआ था. उसका जन्म वर्जीनिया कॉलोनी में हुआ था. उस समय तेरह अमेरिकी उपनिवेश, इंग्लैंड के आधीन थे.

उस काल में अमेरिका में जमीन हड़पने के लिए अंग्रेज और फ्रांसीसी आपस में लड़ रहे थे. उस लड़ाई में स्थानीय इंडियंस ने फ्रांसीसीयों की मदद की थी.

जेमी को वो समय याद था जब वो चार साल का था. उसके घर के पास ही अंग्रेज, फ्रांसीसी और इंडियंस से युद्ध हार चुके थे.

बागान (प्लांटेशन) में हर कोई जानता था कि इंडियंस किसी भी समय वहां आ सकते थे. किसी भी समय, इंडियंस वहां हमला बोल सकते थे.

शुरू के दस सालों में जेमी ने कई चीजें सीखीं. वह जानता था कि इंडियंस अभी भी उत्तर में उसके घर से दूर लड़ रहे थे, इसलिए बागान के लोग उनसे डरते नहीं थे.

जेमी के पिता ने अपने परिवार के लिए जंगलों से घिरी पहाड़ी पर एक नया घर बनाया. घर का नाम मोंटपेलियर रखा गया. उस बड़े घर में उनका पूरा परिवार रह सकता था.

युद्ध के डर से सभी के दिल में खौफ भरा था,
और पुरुष रात भर जागकर पहरा देते थे.
इंडियंस, उनके बागान में नहीं आए,
लेकिन जेमी उस काल को अपने जीवन भर नहीं भूला.

उसके बाद जेमी ओक (बाँझ) के पेड़ से नीचे उतरा और जंगल के रास्ते अपने घर की ओर चला. प्लांटेशन पर जहाँ उसका घर था, वो एक छोटे से गाँव की तरह था.

गुलामों ने केबिन और शेड बनाने के लिए पेड़ों को काटा था. उन्होंने घर के अंदर चिमनियों में जलाने के लिए लकड़ी भी काटी थी. ज़्यादातर गुलाम खेतों में काम करते थे.

क्योंकि जेमी छोटा था और अक्सर बीमार रहता था, इसलिए उसने घर पर ही अपनी पढ़ाई की. बारह साल की उम्र तक वो स्कूल नहीं गया. लेकिन वह स्कूल के बच्चों से कहीं ज्यादा जानता था. और बाद में, जेमी और उसके परिवार के अन्य छोटे बच्चों के लिए घर पर ही एक शिक्षक रखा गया.

फ्रांसीसी और इंडियंस का युद्ध समाप्त हो गया था, लेकिन उपनिवेशों में अभी भी तमाम परेशानियां थी.

जेमी और उनके शिक्षक ने इन परेशानियों के बारे में चर्चा करते थे. उन्होंने उन कानूनों के बारे में भी बात की जो इंग्लैंड ने उपनिवेशों पर शासन करने के लिए बनाए थे. जेमी जानता था कि कॉलोनीज (उपनिवेशों) के लोग खुद अपने कानून बनाना चाहते थे.

इस तरह कुछ साल बीते, और अब जेमी प्रिंसटन के छोटे गाँव के एक कॉलेज जाने के लिए तैयार था. जेमी के पिता नहीं चाहते थे कि वो लंबी यात्रा पर अकेला जाए, इसलिए उसके दो दोस्त और एक गुलाम भी उसके साथ-साथ गए.

वे घोड़ों के साथ एक कीचड़ भरे रास्ते पर चले.

वो रास्ता जंगल में से होकर जाता था.

जेमी ने जंगल के हरे पेड़ों के बीच चिड़ियों की चहचहाहट और लाल-भूरे रंग की मिट्टी में घोड़ों के खुरों की टापों को सुना.

कॉलेज में तीनों लड़के एक ही कमरे में रहते थे और
देर रात तक मोमबत्ती की रोशनी में पढ़ाई करते थे.

वहां जेमी ने दूसरे देशों की सरकारों के बारे में खूब सारी जानकारी हासिल की. उसने बाकी विषयों को भी अच्छी तरह सीखा. लेकिन उस पब्लिक स्पीकिंग यानि सार्वजनिक रूप भाषण देने में काफी परेशानी हुई. बाद में, जब उन्हें लोगों के सामने खड़े होकर भाषण देने पड़े, तो उन्हें अपने कॉलेज के अध्यक्ष की सलाह याद आई :

"तब तक मत बोलो जब तक कि तुम्हारे पास कुछ कहने के लिए नहीं हो, और अपनी बात ख़त्म करके तुरंत बैठ जाओ."

तीनों लड़के रात में पढ़ाई करते थे.
वे आपस में बातें करते थे और हंसते थे.
जब कॉलेज के अध्यक्ष ने रात को लड़कों की बातचीत सुनी तो उन्होंने कहा: "चलो बिस्तर में, यह सोने का समय है!" फिर वे चुपचाप इंतजार करते रहे जब तक अध्यक्ष चले नहीं गए. उसके बाद वे तीनों फिर देर रात तक बातें करते रहे.

कॉलेज के बाद जेम्स मैडिसन प्लांटेशन पर वापस आया. वहां उसने अपने ही भाइयों-बहनों को पढ़ाया. किताबों के एक ढेर हमेशा उनके बगल में लगा रहता था, फिर भी वो पढ़ने और अध्ययन का समय निकालता था.

इंग्लैंड ने नए कानून बनाए थे, पर उपनिवेश उन्हें मानना नहीं चाहते थे. इस वजह से, इंग्लैंड ने कानूनों का पालन करने के लिए उपनिवेशों में अंग्रेजी सैनिकों को भेजा था.

जवाब में कई अमरीकी जवानों ने राइफलों को उठाया,
और वे अंग्रेजी सैनिकों से भिड़ने को तैयार थे.
जेम्स मैडिसन भी उनके साथ लड़ना चाहता था.
लेकिन वो बहुत छोटा था और उसकी सेहत
सैनिक बनने लायक नहीं थी.
अमेरिकी और अंग्रेजी सैनिकों की एक-दूसरे से मुठभेड़
हुई और उन्होंने गोलियां चलाईं.
यह एक नया युद्ध था - एक क्रांतिकारी युद्ध.

युवा जेम्स मैडिसन को को वर्जीनिया के लिए नए कानून बनाने के लिए विलियम्सबर्ग भेजा गया.

वह अभी भी सार्वजनिक रूप से बोलने से डरता था, लेकिन अब उसे एक समय में सिर्फ कुछ लोगों से ही बात करनी पड़ती थी. लोगों ने जब उसे सुना, तो वे समझ गए कि छोटा जेम्स मैडिसन अन्य पुरुषों की तुलना में दूसरे देशों की सरकारों और प्रशासन के बारे में उनसे बहुत ज़्यादा जानता था.

उसके बाद वर्जीनिया का संविधान लिखा गया. अब यह नया कानून वर्जीनिया राज्य को नियंत्रित करेगा. अब वर्जीनिया ,अंग्रेजी कानूनों का पालन नहीं करेगा.

जेम्स मैडिसन ने विलियम्सबर्ग में कई नए दोस्त बनाए. उनमें से एक थे थॉमस जेफरसन.

उसके बाद, फिलाडेल्फिया में कानूनविदों ने घोषणा
कि अब सभी तेरह कालोनियां मुक्त थीं.
हर कॉलोनी को अपने कानून बनाने के अधिकार था.

उसके बाद नए राज्यों पर शासन करने के कानून
जल्दी लिखे गए.
जेम्स मैडिसन, वर्जीनिया राज्य के प्रतिनिधि के
रूप में फिलाडेल्फिया कांग्रेस में गए.

क्रांतिकारी युद्ध समाप्त होने पर कई अमेरिकी सैनिकों को युद्ध में उनकी सेवा के लिए वेतन नहीं मिला था. उन सैनिकों ने फिलाडेल्फिया में मोर्चा निकाला और उस इमारत के बाहर धरना दिया जहां कांग्रेस की बैठक हो रही थी. सैनिकों को अपना पैसा चाहिए था.

लेकिन कांग्रेस के पास पैसा नहीं था. कांग्रेस को नए राज्यों से पैसा मांगने का अधिकार भी नहीं था. जेम्स मैडिसन जानते थे कि राज्यों पर शासन करने के लिए नए कानूनों की सख्त आवश्यकता थी. और वे कानून सभी लोगों की भलाई के लिए होने चाहिए थे.

समय बीतता गया, पर बाद में तेरह राज्यों ने एक साथ मिलकर काम नहीं किया. कुछ राज्य अपने खुद के कानून बनाना चाहते थे. कई राज्यों का एक-दूसरे से तालमेल नहीं बैठता था. कभी-कभी एक राज्य दूसरे राज्य को, अपनी नदी का उपयोग नहीं करने देता था. पर नदियों का पानी तो हरेक राज्य को चाहिए था. इसीलिए सभी राज्यों को एक-साथ काम करने की जरूरत थी.

कांग्रेस में तीन साल बिताने के बाद जेम्स मैडिसन कानून का अध्ययन करने के लिए वापस मॉन्टपेलियर चले गए. उनके अच्छे दोस्त थॉमस जेफरसन ने इस अध्ययन में उनकी मदद करने के लिए उन्हें किताबें भेजीं.

नए राज्यों को फिलाडेल्फिया की कांग्रेस में अपने-अपने प्रतिनिधि भेजने को कहा. प्रतिनिधियों को वो नए कानून लिखने थे जिनकी आवश्यकता राज्यों को एक साथ काम करने के लिए पड़ती. जेम्स मैडिसन को, वर्जीनिया के प्रतिनिधि के रूप में भेजा गया.

वो जंगलों और खेतों में से गुज़रते हुए फिलाडेल्फिया पहुंचे.

दूसरे राज्यों से प्रतिनिधियों के आने का
फिलाडेल्फिया में इंतजार हो रहा था.
वे लोग नए कानून बनाने में मदद करते.
पर आखिर में सिर्फ पाँच राज्यों से ही प्रतिनिधि आये.
लेकिन पाँच राज्यों के प्रतिनिधि पर्याप्त नहीं थे.

अगर तेरह राज्यों में से सात के प्रतिनिधि आते
तो फिर भी कुछ किया जा सकता था.
जेम्स मैडिसन, को पता नहीं था कि बाकी प्रतिनिधि
आएंगे या नहीं? सभी की भलाई के लिए क्या राज्य कभी
मिलकर एकजुट होंगे?
सभी को एक-साथ नियंत्रित करने के कानूनों के बिना,
प्रत्येक राज्य एक छोटे देश की तरह होगा.
फिर कोई संयुक्त राज्य नहीं होगा. पर अंत में प्रतिनिधि
आए.

छोटे जेम्स मैडिसन ने संविधान बनाने में बड़ी भूमिका निभाई. हर दिन वह कांग्रेस में थे लोगों से दिन भर चर्चा और बातें करते थे ...

ऐसा लगता था कि अलग-अलग प्रतिनिधि एक-दूसरे से कभी भी सहमत नहीं होंगे. ऐसा लगता था कि बड़े राज्यों के प्रतिनिधि छोटे राज्यों के लोगों से कभी सहमत नहीं होंगे.

लेकिन जेम्स मेडिसन ने हर प्रतिनिधि को उनके अपने भले के लिए नए कानूनों की बड़ी जरूरत के बारे में समझाया.

फिर धीरे-धीरे करके नया कानून - संविधान लिखा गया.

पर समस्या का अभी भी हल नहीं निकला था.
क़ानून बनने के लिए 13 में से कम-से-कम
नौ राज्यों के हस्ताक्षर ज़रूरी थे.
जेम्स मैडिसन ने दो अन्य लोगों की सहायता से
यह अपील लोगों तक अखबारों द्वारा पहुँचाई.

उन्होंने लोगों को राज्यों के एक साथ काम करने के महत्व
को समझाया. सभी राज्यों को संविधान पर हस्ताक्षर करने
चाहिए थे.
अंत में, नौ राज्यों ने हस्ताक्षर किए, और संयुक्त राज्य
अमरीका में एक नई सरकार बनी.
बाद में तीन अन्य राज्यों ने भी हस्ताक्षर किए. लेकिन
रोड्स आइलैंड, सबसे छोटे राज्य ने फिर भी हस्ताक्षर नहीं
किये.

जॉर्ज वाशिंगटन, संयुक्त राज्य अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने. जेम्स मैडिसन पहली कांग्रेस में, वर्जीनिया के एक प्रतिनिधि बने.

अब, जेम्स मैडिसन को सार्वजनिक रूप से बोलने में डर नहीं लगता था. कांग्रेस में, उन्होंने सभी लोगों के अधिकारों के बारे में बात की. इन अधिकारों को स्थापित करने वाले दस नए कानूनों को संविधान का हिस्सा बनाया गया.

इन दस कानूनों को बिल ऑफ राइट्स कहा गया.

अंत में, रोड्स आइलैंड राज्य ने भी संविधान पर हस्ताक्षर किए. इस तरह तेरह राज्यों को मिलकर - संयुक्त राज्य अमेरिका बना.

दूसरी कांग्रेस फिलाडेल्फिया में आयोजित हुई. वहां जेम्स मैडिसन की भेंट डोली टोड से हुई. श्रीमती टॉड का एक छोटा लड़का था. जल्द ही मिस्टर मैडिसन और मिसेज टॉड की शादी हुई.

दो साल बाद श्री मैडिसन अपने परिवार को वापस मोंटेपेलियर ले गए.

फिर लोगों द्वारा एक दूसरे राष्ट्रपति को चुना गया. चार साल बाद थॉमस जेफरसन संयुक्त राज्य के तीसरे राष्ट्रपति बने. उन्होंने श्री मैडिसन को अपना राज्य सचिव चुना. उसके बाद श्री मैडिसन और उनका परिवार वाशिंगटन के छोटे शहर में रहने चला गया.

अमेरिका को नई मुसीबत का सामना करना पड़ा.
समुद्री डाकू अमेरिकी जहाजों पर कब्जा कर रहे थे.
और समुद्र में अंग्रेजी और फ्रांसीसीयों के बीच फिर
से युद्ध चल रहा था.
इंग्लैंड ने अमेरिकी जहाजों को समुद्र में रोका और वे
अमेरिकी सैनिकों को अंग्रेजी नौसेना के साथ लड़ने
के लिए ले गए.

अंग्रेजी जहाज़ों ने समुद्र में अमरीकी जहाज़ों को पकड़ा.

इंग्लैंड के साथ युद्ध लम्बे अर्से तक चलता रहा. अंग्रेजी सैनिक, संयुक्त राज्य अमेरिका में आए. वे वाशिंगटन से बहुत दूर नहीं थे. उन्होंने देखा कि अमेरिकी सैनिक सड़क पर उनकी ओर आ रहे थे. और राष्ट्रपति मेडिसन भी सैनिकों के साथ सवार थे. एक अमरीकी सैनिक ने राष्ट्रपति से वहां से चले जाने की विनती की.

तब जेम्स मैडिसन को संयुक्त राज्य अमेरिका के चौथे राष्ट्रपति बनने के लिए चुना गया.
उन्होंने कांग्रेस से इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
अब संयुक्त राज्य अमेरिका भी युद्ध में शामिल था.

उसके बाद अंग्रेज सैनिकों ने वाशिंगटन में मार्च किया. उन्होंने वहां इमारतें जलाईं.

अंग्रेज एक जलता हुआ शहर छोड़कर गए.

अचानक तेज़ बारिश हुई, और आग बुझ गई,

और शहर सुरक्षित बना.

जब लड़ाई खत्म हो गई और युद्ध समाप्त हो गया, तो राष्ट्रपति मैडिसन ने कांग्रेस से अमेरिका की रक्षा के लिए एक सेना और एक नौसेना मांगी. कांग्रेस ने उसे अपनी मंज़ूरी दी. जेम्स मैडिसन आठ साल तक अमेरिका के राष्ट्रपति रहे. उसके बाद वो फिर से मोंटेपेलियर वापिस गए. वह और श्रीमती मैडिसन अपने महान पुराने प्लांटेशन में रहते थे जहाँ भेड़ों के लिए शेड के साथ, घोड़ों और गायों के लिए खलिहान और गुलामों के लिए छोटे केबिन भी थे.

जेम्स मैडिसन हमेशा कहते थे कि लोगों को
गुलाम बनाने में उन्हें विश्वास नहीं था.
फिर गुलामों को आज़ादी मिली लेकिन वो दिन
को देखने के लिए वो ज़िंदा नहीं रहे.
जब श्री मैडिसन अस्सी साल के थे,
तब मोंटेपेलियर में उनकी मृत्यु हुई.
जेम्स मैडिसन ने अपने राज्य के लिए
और अपने देश के लिए बहुत काम किया.
तब लोगों ने उन्हें "महान छोटा मैडिसन" कहा.
अब अब लोग उन्हें अमरीकी संविधान के
पितामह के रूप में याद करते हैं.

समाप्त